मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-13
07/01/2019

मुख्यमंत्री ने राज्य में यूरिया की उपलब्धता की उच्चस्तरीय समीक्षा की

पटना, 07 जनवरी 2019 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज 1 अणे मार्ग स्थित संकल्प में राज्य में उवर्रक विशेषकर यूरिया की उपलब्धता की उच्चस्तरीय समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री को यह जानकारी दी गयी कि रबी मौसम में भारत सरकार से लक्ष्य के विरूद्ध कम यूरिया उपलब्ध हो पाया है। इसमें रेलवे के रैक का उपलब्ध न होना भी कारण रहा है। प्रधान सचिव कृषि ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस वर्ष से उवर्रक को पॉस मशीन (POS Machine) के माध्यम से ही निर्धारित मूल्य पर बिक्री की जा रही है। कई स्थलों पर पॉस मशीन (POS Machine) खराब होने तथा इंटरनेट की अनुपलब्धता के कारण किसानों को असुविधा हो रही है।

मुख्यमंत्री ने समीक्षा के क्रम में निर्देश दिया कि पॉस मशीन (POS Machine) की समस्या का अविलम्ब निराकरण कर उवर्रक की आपूर्ति सुनिश्चित की जाय और इसका निरंतर अनुश्रवण किया जाय। मुख्यमंत्री ने खाद की कालाबाजारी करने वालों पर कड़ी निगरानी रखने का निर्देश दिया।

मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय उवर्रक एवं रसायन मंत्री श्री डी0वी0 सदानंद गौड़ा से उवर्रक की आपूर्ति शीघ्र करने हेतु दूरभाष पर वार्ता की। उन्होंने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि उवर्रक की आपूर्ति शीघ्र ही सुनिश्चित कराई जाएगी। मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया कि वे सचिव उवर्रक एवं रसायन मंत्रालय भारत सरकार के साथ इस कार्य के लिये निरंतर सम्पर्क में रहें।

मुख्यमंत्री ने रेल मंत्री श्री पीयूष गोयल से भी दूरभाष पर वार्ता कर उवर्रक की ढुलाई के लिये तत्काल विशेष रैक उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। श्री गोयल ने मुख्यमंत्री को आश्वस्त किया कि शीघ्र ही उवर्रकों की ढुलाई के लिये विशेष रैक उपलब्ध करा दिया जायेगा और उनके कार्यालय से भी इसकी समीक्षा की जायेगी।

मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को राज्य में उवर्रकों विशेषकर यूरिया की उपलब्धता की निरंतर समीक्षा करने तथा सभी जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर यूरिया की ससमय उपलब्धता सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया।

बैठक में उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार, प्रधान सचिव कृषि श्री सुधीर कुमार, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव श्री चंचल कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मनीष कुमार वर्मा, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के विशेष कार्य पदाधिकारी श्री गोपाल सिंह, निदेशक कृषि श्री आदेश तितरमारे सहित कृषि विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

*****